भारत सरकार

सूचना और प्रसारण मंत्रालय

राज्य सभा

तारांकित प्रश्न संख्या *222

(दिनांक 07.08.2026 को उत्तर देने के लिए)

वर्ल्ड ऑडियो विज़ुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट (वेव्स) और 'क्रिएट इन इंडिया चैलेंज' पहल

***222. श्री मनन कुमार मिश्र:**

क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्ल्ड ऑडियो विज़ुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट (वेव्स) तथा 'क्रिएट इन इंडिया चैलेंज' पहल के अंतर्गत विभिन्न राज्यों एवं भाषाई पृष्ठभूमियों के रचनाकारों को कौशल विकास के अवसर उपलब्ध कराने तथा उनके कार्यों को प्रदर्शित करने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं;

(ख) क्या ग्रामीण एवं जनजातीय क्षेत्रों के रचनाकारों को संरचित मार्गदर्शन तथा बाजार से संपर्क की सुविधाएँ प्रदान की जा रही हैं, यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या मंत्रालय का, ऐसे रचनाकारों को प्रदान किए गए मार्गदर्शन एवं बाजार से संपर्क के परिणामों की निगरानी करने का प्रस्ताव है, यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ग): एक विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

दिनांक 07.08.2026 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत राज्य सभा तारांकित प्रश्न संख्या *222 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में यथा संदर्भित विवरण

(क) से (ग): वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट (वेव्स) 2025 का आयोजन सरकार की "क्रिएट इन इंडिया, क्रिएट फॉर द वर्ल्ड" पहल के अंतर्गत भारत को सामग्री सृजन के लिए एक वैश्विक केंद्र बनाने के दृष्टिकोण के अनुरूप किया गया। इस शिखर सम्मेलन का उद्देश्य सामग्री, रचनात्मकता एवं संस्कृति को आर्थिक विकास और वैश्विक पहुंच के एक सुव्यवस्थित माध्यम के रूप में एकीकृत करके भारत की रचनात्मक अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करना था।

वेव्स 2025 ने रचनाकारों(क्रिएटर्स), स्टार्टअप्स, निर्माताओं तथा प्रौद्योगिकी क्षेत्र के अग्रणियों को वैश्विक खरीदारों, निवेशकों एवं ओटीटी प्लेटफॉर्मों के साथ सहभागिता के लिए एक मंच प्रदान किया। इस आयोजन में 100 से अधिक देशों के 1 लाख से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इसमें वैश्विक उद्योग जगत के अग्रणी विशेषज्ञों के साथ पूर्ण सत्र, मास्टरक्लास तथा ब्रेकआउट सत्रों सहित 140 से अधिक सत्र आयोजित किए गए।

क्रिएट इन इंडिया चैलेंज (सीआईसी) भारत के मीडिया एवं मनोरंजन क्षेत्र में विभिन्न राज्यों तथा विविध भाषाई पृष्ठभूमियों से आने वाले रचनाकारों को एक मंच पर लाकर रचनात्मक प्रतिभाओं की पहचान, पोषण एवं प्रदर्शन के लिए एक प्रमुख मंच के रूप में कार्य करता है। वेवएक्स एक समर्पित स्टार्टअप और इनोवेटर प्लेटफॉर्म है जो संरचित इनक्यूबेशन, तकनीकी मेंटरशिप तथा क्षेत्र-विशिष्ट मार्गदर्शन की सुविधा प्रदान करता है।

वेव्स बाजार फिल्म, टेलीविजन, एनीमेशन, गेमिंग, एक्सआर और डिजिटल सामग्री के क्षेत्रों के लिए वर्षभर संचालित होने वाले वैश्विक बाजार के रूप में कार्य करता है और इसमें 4,000 से अधिक पंजीकृत खरीदार और 6,000 विक्रेता हैं जो बिजनेस-टू-बिजनेस बैठकों को सुगम बनाते हैं तथा संभावित व्यावसायिक एवं निवेश संबंधी अवसरों का सृजन करते हैं।

क्रिएट इन इंडिया चैलेंज (सीआईसी) प्रशिक्षण, कार्यशालाओं, मास्टरक्लास, मार्गदर्शन तथा उद्योग जगत के साथ संरचित सहभागिता के माध्यम से सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों तथा विभिन्न भाषाई पृष्ठभूमियों, जिनमें ग्रामीण एवं जनजातीय क्षेत्रों के रचनाकार भी शामिल हैं, को कौशल उन्नयन करने के अवसर भी प्रदान करता है। देश के कोने-कोने से अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए व्यापक जनसंपर्क किया जाता है।

क्रिएट इन इंडिया चैलेंज, वेवएक्स तथा वेव्स बाज़ार के माध्यम से चिन्हित रचनाकारों को वेव्स बाज़ार के जनसंपर्क संबंधी कार्यकलापों तथा विभिन्न घरेलू एवं अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोहों, गेम शो और एक्सपो में भागीदारी के माध्यम से प्रदर्शन तथा व्यवसाय के अवसर उपलब्ध कराए गए हैं।

****